Roll No. ....

E–3153

B. A. (Part I) EXAMINATION, 2021

(Old Course)

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी कथा साहित्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : प्रत्येक 8

(क) "गहनों की मरज न जाने इस दरिद्र-देश में कैसे फैल गया ? जिन लोगों को भोजन का ठिकाना न रहा, वे ही गहनों से पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबों रुपये केवल सोना-चाँदी खरीदने में व्यय हो जाते हैं। संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं तो बात क्या है ? उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है। जिससे लोगों की परवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहाँ धन श्रृंगार में खर्च होता है। उनमें उन्नति और उपकार की जो महान शक्तियाँ हैं, उन दोनों का ही अंत हो जाता है। बस यही समझ लो कि जिस देश के लोग जितने ही मूर्ख होंगे वहाँ जेवरों का प्रचार उतना ही होगा।"

अथवा

उसने एक ही साँस में पत्र पढ़ डाला और तब एक लम्बी साँस ली। उस साँस के साथ चिन्ता की यह भीषण-मार जिसने आज छः महीने उसकी आत्मा को दबा रखा था, वह सारी मनोव्यथा जो उसका जीवनरस चूस रही थी, वह सारी दुर्बलता, लज्जा, ग्लानि मानो उड़ गयी। छूमन्तर हो गयी, इतनी स्फूर्ति, इतना आत्मविश्वास उसमें कभी नहीं हुआ था।"

(ख) दोनों एक दूसरे के मन की बात ताड़ लेते थे। बाजार में इधर-उधर घूमते रहे। कभी इस बाजार की दुकान पर गये, कभी उसकी दुकान पर। तरह-तरह के कपड़े रेशमी और सूती देखे, मगर कुछ जंचा नहीं। यहाँ तक कि शाम हो गई। तब दोनों न जाने किस दैवी प्रेरणा से एक मधुशाला के सामने आ पहुँचे और जैसे किसी पूर्व निश्चित व्यवस्था के अन्दर चले गये। यहाँ जरा देर तक दोनों असमंजस में खड़े रहे। फिर घिसू ने गद्दी के सामने जाकर कहा—साहूजी! एक बोतल हमें भी देना!

अथवा

भय से चीखकर ओट में हो जाने के लिए भागती हुई औरतों पर दया कर भीड़ छंट गई। चौधरी बेसुध पड़े थे। तब उन्हें होश आया, ड्योढ़ी पर पर्दा आंगन में सामने पड़ा था। परन्तु उसे उठाकर फिर से लटका देने की सामर्थ्य उनमें शेष न थी। शायद अब इसकी आवश्यकता न थी।

(ग) खेती-बारी के समय गाँव के किसान सिरचन की गिनती नहीं करते। लोग उसको बेकार ही नहीं, 'बेगार' समझते हैं। इसलिए खेत-खलिहान की मजदूरी के लिए कोई नहीं बुलाने जाता है सिरचन को। क्या होगा उसको बुलाकर ? दूसरे मजदूर खेत पहुँचकर एक-तिहाई काम कर चुकेंगें, तब कहीं सिरचन राम हाथ में खुरपी डुलाता हुआ दिखाई पड़ेगा, पगडंडी पर तौल-तौलकर

पाँव रखता हुआ, धीरे-धीरे मुफ्त में मजदूरी देनी हो तो और बात है।

अथवा

जब छोटी थी, तभी मेरा देवर लट्ठ बाँध मेरे खसम के साथ आया था। इसी के हाथ देखती रह गई थी मैं तो। सोचा था मरद है, इसकी छतर छाया में जी लूँगी। बताओ पटेल, वह ही जब मेरे आदमी के मरने के बाद मुझे न रख सका तो मैं क्या करती ? अरे मैं न रही तो इससे क्या हुआ ? दो दिन में काका उठ गया न। इनके सहारे में रहती तो क्या होता ?

2. 'गबन' उपन्यास की समीक्षा करते हुए रमानाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए। 12

अथवा

उपन्यासकार प्रेमचन्द का परिचय देते हुए 'गबन' उपन्यास की समीक्षा उपन्यास के तत्वों के आधार पर कीजिए।

3. 'चीफ की दावत' कहानी के माध्यम से कथाकार ने आम आदमी को किस प्रकार का संदेश दिया है ? 12

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक का सारांश लिखिए :

(i) 'आकाश दीप' कहानी

(ii) आंचलिक कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु कृत 'ठेस' कहानी

(iii) 'बिरादरी बाहर' कहानी

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : प्रत्येक 4

(i) 'गबन' उपन्यास के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'कफन' कहानी का मूलार्थ स्पष्ट कीजिए।

(iii) बालशौरि रेड्डी का साहित्य।

(iv) 'परदा' कहानी का मूल उद्देश्य क्या है ?

(v) उपेन्द्रनाथ अश्क का साहित्यिक परिचय।

(vi) 'मलबे का मालिक' कहानी की भाषा शैली।

(vii) शिवानी-कृत तीन रचनाओं के नाम लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) 'गबन' उपन्यास की प्रधान समस्या क्या है ?

(ii) 'परदा' कहानी का लेखक कौन है ?

(iii) किसी एक आंचलिक कथाकार का नाम लिखिए।

(iv) 'बिरादरी बाहर' के लेखक कौन हैं ?

(v) लमही गाँव में किस लेखक का जन्म हुआ था ?

(vi) चम्पा किस कहानी की नायिका है ?

(vii) 'चीफ की दावत' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(viii) उपन्यास सम्राट किस लेखक को कहा जाता है ?

(ix) हिन्दी की पहली कहानी के लेखक कौन है ?

(x) सिरचन किस कहानी का पात्र है ?

(xi) उपेन्द्र नाथ अश्क का जन्म कहाँ हुआ था ?

(xii) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ हुआ था ?

(xiii) 'हंस' पत्रिका का प्रकाशन किसने आरम्भ किया था ?

(xiv) माधव की पत्नी का नाम क्या था ?

(xv) जोहरा कौन थी ?

(xvi) हिन्दी के सबसे पहले उपन्यासकार कौन थे ?

(xvii) बालशौरि रेड्डी किस राज्य के लेखक थे ?

(xviii) 'पंचामृत' के लेखक कौन हैं ?

(xix) 'लाल हवेली' के उपन्यासकार का नाम लिखिए।